सिटी पार्क में 'Rose Show-2024' का सफल आयोजनए 500 से अधिक किस्म के गुलाबों की प्रदर्शनी ने लुभाया सभी का मन

जयपुरए 3 मार्च। रोज सोसाइटी ऑफ राजस्थान की ओर से 49वें रोज शो ने न केवल स्थानीय बल्कि आने वाले सभी पर्यटकों का दिल जीत लिया। शो के अलावा पार्क में राजस्थानी लोक नृत्य सहित कई अन्य कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर आवासन मंडल के पूर्व आयुक्त व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पवन अरोड़ा ने खुले आसमान में बैलून छोडकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने रोज शो का दौरा कर गुलाब की किस्म के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा की जयपुराइट्स के लिए रोज़ शो एक अनूठा अवसर है जहाँ रंग और सुगंध की दावत का आनंद लेते हुए फूल की देखभाल और विकास से संबंधित वे अपने अनुभव साझा कर सकते हैं।

विभिन्न प्रजाति के गुलाबों के सौंदर्य और खुशबू से लबरेज हुआ सिटी पार्क–

शो में रंगों से भरे अलग-अलग प्रजाति के गुलाब रखे थे।जो लोग प्रदर्शनी देखने आ रहे थेए वे गुलाब को कैमरे में कैद करना नहीं भूल रहे थे।कोई गुलाब के साथ सेल्फी ले रहा था तो कोई रील बना रहा था। विभिन्न वस्तुओं के साथ गुलाब को खुबसूरत अंदाज में सजाया गया था। शहरवासियों को सिटी पार्क में गुलाब प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक चटख रंगों के गुलाब देखकर सभी का मन खिल गया। गुनगुनी धूप के साथ गुलाबों की दुनिया के साथ समय बिताना सुखद आनंद की अनुभूति दे गया। शो में आमजन ने भी विभिन्न उन्नत किस्म के गुलाब की कलम के साथ हिस्सा लिया। अच्छे गुलाबों की किस्मों को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा पेंटिंग कंपटीशन सहित कई अन्य रचनात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए जिनके विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। रोज शो में सोसाइटी के संरक्षक एवं सेवानिवृत आईएएस ईश्वर चंद्र श्रीवास्तवए आवासन मंडल के मुख्य अभियंता प्रथम श्री अमित अग्रवाल ए अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री प्रतीक श्रीवास्तवए उप आवासन आयुक्त मानसरोवर सर्किल श्री के. के दीक्षितए सोसाइटी के जनरल सेक्रेटरी अनिल कुमार भार्गवए सहित जूरी के सदस्य मौजूद रहे।

————

कुणाल/आकाश